संख्या-20/2018/427/58-2-2018-900(3)/2017

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ ।

खाद्य प्रसंस्करण अनुभाग **लखनऊ:दिनांक: 19 मार्च, 2018**

विषय :- खाद्य प्रसंस्करण मिशन के परियोजना प्रस्तावों के अप्रेजल से संबंधित नैबकॉन्स के बिलों के भुगतान धनराशि रू0-4.22 लाख के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-खा0प्र0मि0-2816/नैबकॉन्स/2017-18, दिनांक 13 मार्च, 2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित स्टेट लेवल इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनांक-18.02.2013 द्वारा खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अप्रेजल हेतु कन्सल्टेन्सी सेवाओं की दरों का अनुमोदित करते हुए नैबकान्स द्वारा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

3. अनुदान संख्या-10 के अन्तर्गत पूर्व में संचालित राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन योजना में गत वर्षों के लम्बित दायित्वों के भुगतान हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से शासनादेश संख्या-04/2018/292/58-2-2018-300(16)/2017, दिनांक- 23.02.2018 द्वारा धनराशि रू0-115.18 लाख की व्यवस्था आपके निवर्तन पर अवमुक्त की गयी है।

4. निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के आधार पर उपलब्ध धनराशि में से **खाद्य प्रसंस्करण मिशन के परियोजना प्रस्तावों के अप्रेजल से संबंधित नैबकॉन्स के बिलों के भुगतान धनराशि रू0-4.22 लाख (रूपया चार लाख बाईस हजार)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :-

1- अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय नियमानुसार किया जायेगा। विचलन की स्थिति में इसके लिए निदेशक ,उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/मुख्य वित्त नियंत्रक/आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

2- अवमुक्त की जा रही धनराशि का किसी अन्य मद में किसी भी दशा में व्यय नहीं किया जायेगा। अन्य मद में किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी। इसके लिए संबंधित अधिकारी सीधे उत्तरदायी होंगे।

4- उक्त धनराशि के व्यय करने के पूर्व जहां आवश्यक होगा सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त कर ली जायेगी।

.....2/-

http://shasanadesh.up.nic.in

5- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2017/बी-1-02/दस-2017-201/2017, दिनांक-02.02.2017 ,संख्या-08/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक-03.08.2017 एवं संख्या-12/2017/बी-1-1455/ दस- 2017-231/2017, दिनांक- 20.11.2017 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जारहे हैं।

भवदीय,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
अनु सचिव।

संख्या-20/2018/427(1)/58-2-2017, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) कार्यालय महालेखाकार लेखा-परीक्षा (प्रथम), सत्यनिष्ठा भवन, 15 थार्न हिल रोड,इलाहाबाद।
(2) संयुक्त सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
(3) वित्त नियंत्रक/आहरण एवं वितरण अधिकारी निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
(5) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(6) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(7) नियोजन अनुभाग-4 उ0प्र0 शासन।
(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in